Sunref A LABEL AFD GROUPE | Developed by AFD AGENCE FRANÇAISE DE DÉVELOPPEMENT | With financial participation of EUROPEAN UNION | Implemented by राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK

**राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा लखनऊ में 'आजादी का अमृत महोत्सव' प्रदर्शनी (एक्सपो) में 'भारत में प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग एवं ऊर्जा दक्ष आवास वित्त (SUNREF INDIA)' का संवर्धन**

**लखनऊ, 07 अक्टूबर, 2021:** केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा 05 से 07 अक्टूबर तक लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'आजादी@75 - न्यू अर्बन इंडिया: ट्रांसफॉर्मिंग अर्बन लैंडस्केप' शीर्षक नामक तीन दिवसीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन (एक्सपो-कम-कॉन्फ्रेंस) का आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत के आह्वान के साथ भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में 'आजादी का अमृत महोत्सव' का शुभारंभ किया गया। राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री, हरदीप सिंह पुरी, आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री, तथा योगी आदित्य नाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश, अन्य गणमान्य व्यक्तियों में शामिल थे जिन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित होकर इसकी शोभा बढ़ाई।

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) ने प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन में अपनी सहभागिता दर्ज की एवं इस अवसर का उपयोग सनरेफ भारत कार्यक्रम की विशेषताओं को प्रदर्शित करने तथा किफायती हरित आवास की अवधारणा को आवास संबंधी विकास का कार्य देखने वाले सरकारी संस्थानों, रियल एस्टेट विकासकों, प्राथमिक ऋणदाता संस्थानों तथा पूरे राज्य एवं देश से भाग लेने वाली आम जनता के बीच लोकप्रिय बनाने के लिये किया।

राष्ट्रीय आवास बैंक (रा.आ.बैंक) आवास हेतु देश में शीर्ष वित्तीय संस्थान है, जो फ्रांस विकास एजेंसी (एएफडी) एवं यूरोपीय संघ (ईयू) के सहयोग से सनरेफ भारत कार्यक्रम को कार्यान्वयित कर रहा है।

सनरेफ भारत कार्यक्रम, एएफडी से €100 मिलियन की ऋण व्यवस्था एवं यूरोपीय संघ से €12 मिलियन के अनुदान द्वारा समर्थित, बैंकों, आवास वित्त कंपनियों को हरित एवं किफायती आवास परियोजनाओं तथा उसमें निवेश करने की अनुज्ञा प्रदान करता है। यह कार्यक्रम पिछले 3 वर्षों से चल रहा है तथा इसके अंतर्गत लगभग 60% निधियां (लगभग € 60 मिलियन) पहले ही संवितरित की जा चुकी है। इसका उद्देश्य देश के भीतर 4200 किफायती हरित आवास परिवारों के विकास हेतु निधियां प्रदान करना है।

सनरेफ भारत टीम द्वारा हरित आवास के लाभों जैसे पर्यावरणीय, आर्थिक एवं सामाजिक प्रभाव अर्थात पानी का कम उपभोग, कम ऊर्जा उपयोग, ग्रीनहाउस गैसों के कम उत्सर्जन आदि के साथ ज्ञान संपार्श्विक से लोगों को जागरुक किया तथा कौन सी तकनीक को अपनाकर एक सामान्य घर हरित घर बन सकता है, इस बारे में लोगों तक जानकारी पंहुचाई।

प्रदर्शनी में उपस्थित, वी. वैदीश्वरण, कार्यपालक निदेशक, राष्ट्रीय आवास बैंक ने कहा, *"हम हरित आवास एवं इसके लाभों के संबंध में विभिन्न पणधारकों एवं विशेषत: आम जनता की उत्सुकता तथा रुचि को देखकर काफी प्रसन्न हैं। राष्ट्रीय आवास बैंक हरित पहल के साथ भारत सरकार के किफायती आवास कार्यक्रम को बढ़ावा देने हेतु कटिबद्ध है। सनरेफ भारत आवास कार्यक्रम, यूरोपीय संघ (ईयू) एवं फ्रांस विकास एजेंसी (एएफडी) द्वारा समर्थित तथा बैंक द्वारा कार्यान्वित, देश में हरित किफायती आवास को बढ़ावा देता है।"*

Sunref A LABEL AFD GROUPE

Developed by AFD AGENCE FRANÇAISE DE DÉVELOPPEMENT

With financial participation of EUROPEAN UNION

Implemented by राष्ट्रीय आवास बैंक NATIONAL HOUSING BANK